# डेढ़ किलो की गठान का दर्द एक साल से झेल रहा था मासूम कार्तिक

जबलपुर, यशभारत। दमोह का रहने वाला मासूम कार्तिक एक साल से कंधे की गठान से परेशान था। वो इस वजह से न खेल पाता था और न अच्छे सो पाता था, यहां तक कि उसका दोस्तों के साथ खेलना भी बंद हो गया था। मासूम कार्तिक की तकलीफों से उसके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्य भी परेशान थे। कंधे में हुई गठान को अलग कराने के लिए कार्तिक के माता-पिता ने बहुत इलाज कराया, सभी डॉक्टरों संपर्क किया परंतु कहीं आराम नहीं मिला। बेटे के इलाज में काफी पैसा खर्च



## मेडिकल अस्पताल में हुआ सफल ऑपरेशन

हो गया। परिचितों की सलाह पर कार्तिक के पिता दमोह निवासी मलखान सिंह लोधी अपने दो साल के बेटे कार्तिक को नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर केके पाण्डे,डॉ.दिगम्बर जैन, डॉ. उत्सत कटककर, डॉ. प्रफुल बुधोलिया, डॉ. शुभम शिंदे,डॉ. लक्ष्मी नारायण, डॉ. चिन्मय कुमार प्रधान, डॉ. सुजीत कुमार हिमांशु,डॉ. प्रदीप पटेल की टीम ने दो साल के कार्तिक के कंधे से डेढ़ किलो की गठान का सफल ऑपरेशन किया। अब मासूम को दर्द नहीं हो रहा है और न ही उसे हाथ को घुमाने में कोई परेशानी हो रही है। पिता मलखान सिंह लोधी ने बताया कि बेटे कार्तिक को गठान के कारण बीते एक साल से दर्द था। उसका दर्द देखकर परिवार के किसी भी सदस्य को चैन नहीं था। रोजाना बेटे को दर्द से कराहते देख सभी आंखे भर जाती थी। मेडिकल डॉक्टरों ने सफल ऑपरेशन कर बेटे को दर्द से छुटकारा दिलाया है।

# वाह... रे... नगर निगम



ये है जबलपुर की लटकारी के पड़ाव की सब्जी मंडी

जबलपुर, यशभारत। शहर को साफ-स्वच्छ रखने का दम भरने वाले नगर निगम अधिकारियों की नजरें शहर के पुराने बाजार लटकारी पड़ाव सब्जी मंडी की तरफ नहीं दौड़ रही है। लटकारी पड़ाव सब्जी मंडी में सालों से गंदगी बजबजा रही है, किसी दुकान के सामने खड़े होकर लोग सब्जी नहीं ले पा रहे हैं। इधर व्यापारी मुंह में कपड़ा बांधकर व्यापार करने मजबूर है। गंदगी की वजह से बीमारियां पनप रही है। इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय जनता और व्यापारियों ने नगर निगम अधिकारियों को अनेक बार अवगत कराया परंतु आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

# डकैतों के चंगुल से बच गया अधारताल पेट्रोल पंप

## चाय-पान के टपरों के पास बना रहे थे योजना तलवार, चाकू के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर, यशभारत । अधारताल के करौंदा बायपास स्थित पेट्रोल पंप में डकैती की बड़ी वारदात होने से बच गयी। क्षेत्र के 5 युवकों ने पूरी प्लानिंग के साथ पेट्रोल पंप को डकैती डालने की तैयारी की थी, लेकिन पुलिस को इसकी भनक लग गयी। पेट्रोल पंप में वारदात हो पाती इससे पहले ही अधारताल थाने की दो टीमों ने घेराबंदी कर पांचों आरोपियों को चाय-पान के टपरे के पास से तलवार और चाकू के साथ अलसुबह करीब 5 बजे गिरफ्तार कर लिया।**

**अधारताल पुलिस की सक्रियता से बड़ी वारदात बची**

अधारताल थाने में सुबह के 3.45 बजे सूचना मिली कि पेट्रोल पंप में महाराजपुर के आसपास रहने वाले 20 से 30 वर्षीय 5 युवक डकैती की योजना बना रहे थे। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा , सीएसपी प्रियंका , थाना प्रभारी शैलेश मिश्रा के इस संबंध में जानकारी लगी तो उन्होंने थाने की दो टीम गठित करते हुए मौके पर भेजा।

### फिल्मी स्टाइल में दबोचे गए डकैत

जिस तरह से डकैतों ने पेट्रोल पंप लूटने की योजना बनाई थी, उससे एक कदम आगे बढ़कर अधारताल पुलिस ने भी फिल्मी स्टाइल में डकैतों का दबोचने के लिए प्लानिंग की । इसी के तहत एक टीम ने एनएच 7 रोड पर तो वहीं दूसरी टीम बस्ती के अंदर से वहां पहुंची जहां पर 5 डकैत हथियारों से लैस खड़े हुए थे।

### पुलिस को देखकर भागने लगे

अधारताल पुलिस के अनुसार डकैती की वारदात को अंजाम देने के लिए करौंदा बायपास स्थित चाय-पान के टपरे के पास खड़े पांचों डकैत उस वक्त भागने लगे जब दूर से पुलिस को आता देखा। लेकिन अधारताल थाने की दोनों टीमों ने आरोपियों को घेराबंदी कर धर दबोचा। आरोपियों के पास से मोटर सायकिल, तलवार, चाकू और पेंचकस व टॉर्च बरामद हुई है।

### डकैती रोकने जो भी आता मारा जाता

पकड़े गए पांच अरोपियों ने पुलिस को बताया कि डकैती की योजना लगभग पूरी सफल थी और इस दौरान उन्होंने प्लानिंग की थी कि अगर डकैती रोकने के लिए कोई भी सामने आता तो उसकी वह हत्या तक कर देते। आरोपियों ने बताया कि किस तरीके से उन्हें लूट करनी है, इसके लिए सभी को जिम्मेदारी दे दी गई थी। पुलिस ने बताया कि डकैती की योजना बनाते हुए सौरभ तुत्तल अपने साथियों से कह रहा था कि मंगल व विमल मेरे साथ रहेंगे। विमल तुम लाइट बंद करना मैं और मंगल ऑफिस के अंदर रखी आलमारी को लूटेंगे। सौरभ और निक्क् ी डीजल डालने वाले के जो पैसा मिलता है उसको लूटोगे और अपने काम में जो भी विरोध करेगा उसको सीधे हथियार का प्रयोग कर, गिरा देना ताकि कोई सबूत ना रह जाए।

### ये है पकड़े गए आरोपी

मंगल चौधरी ज्ञानगंगा स्कूल के पास, महाराजपुर
अविनव शर्मा
हर्ष केवट
विमल विश्वास
सौरभ तुत्तल
ये हथियार मिले- तलवार, चाकू, पेंचकश, टॉर्च और डकैती की योजना में प्रयुक्त बाइक्स

### इनकी रही मुख्य भूमिका

कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक मोहन तिवारी, आरक्षक पवन तिवारी ,उपनिरीक्षक भरत बेन, सहा संतोष पांडे, आरक्षक प्रदीप गौतम, इंद्रकुमार यादव, संतोष पांटे, आरक्षक देवेन्द्र , रीतेश पुलिस कर्मियों की प्रमुख भूमिका रही।

# मुंहबोला लुटेरा भतीजा शिकंजे में

## किसी को भी चाचा-भाई बनाकर झपट लेता था चेन युवक के गले से उड़ाई थी 3 लाख की जंजीर

**जबलपुर, यशभारत।** लार्डगंज थाना अंतर्गत पुलिस ने एक ऐसे मुंह बोले लुटेरे शातिर लुटेरे को आज धर दबोचा जो पहले तो चाचा जी....चाचा जी और भाई कहकर बड़े प्यार से गले मिलता था और सामने वाले को चक्कर में डालकर गले की चेन, पर्स पार कर देता था और फिर बाद में यह कहकर बात को सम्हाल लेता था कि उसके चाचा भी उसी के जैसे दिखते है....। लोगों



की भावनाओं के साथ खेलकर, मौका देखकर फरार हो जाता था। जिसकी शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी है, पुलिस की मानें तो पकड़ा गया लुटेरा अनेक वारदातों को अंजाम दे चुका है, लिहाजा पुलिस उसके अन्य साथियों की भी खोजबीन कर रही है। इस बारे में लार्डगंज पुलिस ने बताया कि अभिषेक गुप्ता उम्र 47 वर्ष निवासी निवाड़गंज नारियल वाली गली ने बताया कि वह प्रापर्टी का काम करता है। 6 अगस्त 2021 को रात 11.45 बजे अपने दोस्तों के दोस्तों के साथ चौपाटी में पार्टी करने के बाद एक्टीवा गाड़ी से घर के लिए निकला था। जैसे ही वह अपने घर के सामने पहुंचा तभी उसके पीछे एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 40 वर्ष, जो चेहरे पर सफेद कपड़ा बांधे था मैस्ट्रो गाड़ी से आया और चाचा कहकर गले मिला और पैर छूने लगा तो उसने उस व्यक्ति को दूर किया फिर घर के अंदर जाकर कपड़े बदले तब उसे पता चला कि उसके गले से 70 ग्राम वजनी सोने की चेन गायब है।

### आसपास देखा तो नहीं दिखा युवक

पीड़ित ने बताया कि गले में उसकी 3 लाख रुपए की चेन थी। जब उसे इस बात का पता चला कि उसकी चेन गायब है तो उसने युवक को आसपास देखा लेकिन वह कहीं नहीं देखा, जिसके बाद उसका शक यकीन में बदल गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर टीम गठित की। पड़ताल के दौरान पता चला कि इस प्रकार की घटनाएं बेलबाग ,कंजड मोहल्ला निवासी अरूण जाट द्वारा की जाती है। जानकारी मिलने पर कंजड मोहल्ला स्थित अरूण जाट के घर दबिश दी पर वह फरार मिला।

### गोराबाजार में मिला आरोपी

आज मुखबिर से सूचना पर गोलबाजार में दबिश देते हुये संदेही अर्जुन जाट पिता रमेश जाट उम्र 49 वर्ष निवासी कंजड मोहल्ला बेलबाग को पकड़ा गया। जिससे पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो मामले का खुलासा होते देर ना लगी। आरोपी की निशादेही पर चुराई हुई चेन कीमती 3 लाख 63 हजार रूपये की एवं घटना में प्रयुक्त स्कूटी जब्त करते हुए और भी वारदातों के संबंध में पूछताछ जारी है।



# सुबह ही खुल गए मेडिकल के दवा काउंटर

## प्रशासन हुआ सख्त, लापरवाही पर कर्मचारियों को लगाई फटकार

**यशभारत खबर का असर**

जबलपुर, यशभारत। नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल के दवा काउंटर आज सुबह 9 बजे ही खुल गए। जो दवा काउंटर दोपहर 12 बजे खुलते थे वो अपने निर्धारित समय पर खुले नजर आए। मालूम हो कि 'यशभारत' ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर मेडिकल दवा काउंटर की व्यवस्थाओं की जानकारी मेडिकल अधिकारियों तक पहुंचाई। इसके बाद मेडिकल प्रशासन ने दवा काउंटर की जिम्मेदारी संभालने वाले कर्मचारियों की खैर खबर लेते हुए फटकार लगाई और निर्देश जारी करते हुए कहा कि दवा काउंटर निर्धारित समय पर खोले जाए। प्रयास जन सशक्तिकरण संस्थान प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक पाठक ने बताया कि मेडिकल में दवा वितरण व्यवस्था पटरी से उतर आई थी। लोगों को समय पर दवाईयां नहीं मिल रही थी यहां तक कि दवा काउंटर भी दोपहर 12 बजे के बाद खुलते थे। इस संबंध में एक शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी की गई जिसके बाद मेडिकल प्रबंधन ने अपनी व्यवस्थाओं को सुधारते हुए आज सुबह 9 बजे से दवा काउंटर खोल दिए।

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

स्थापना 1948 73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (म.प्र.) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (म.प्र.) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (म.प्र.) फो. 0761-2481262, 2481362

# पनागर में बाइक अड़ाकर लूट

## युवक की चेब से 15 हजार नगद और मोबाइल छीना

**जबलपुर, यशभारत।** पनागर थानांतर्गत चौबे उमरिया के पास बाइक सवार लुटेरों ने एक युवक को डरा-धमकाकर नगद रुपए और मोबाइल छीन लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने युवक को धमकी दी कि यदि उसने किसी को कुछ बताया या थाने गया तो जान से मार देंगे। पुलिस ने लूट का प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि उमरिया चौबे निवासी दिनेशदास बैरागी ने पुलिस को बताया कि वह बाइक से अपना काम निपटाकर शाम को अंधेरा होने के बाद घर जा रहा था। गांव से कुछ किलोमीटर पहले ही दो बाइकों में सवार चार लड़कों ने उसे ओवरटेक किया और फिर दोनों बाइक उसकी बाइक के सामने अड़ा दी। इससे पहले कि दिनेश दास कुछ समझ पाता, बदमाशों ने डरा-धमकाकर उसके जेब से पर्स निकालकर उसमें रखे 15 हजार रुपए निकाले और फि र शर्ट की जेब से मोबाइल भी निकाल लिया। घटना को अंजाम देने के बाद चारों युवक धमकाते हुए वहां से चले गए। पुलिस हुलिए के आधार पर आरोपियों गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है। घटना के बाद से दिनेश दास बैरागी और रात को आने-जाने वाले अन्य लोग काफ ी डर गए हैं, उन्हें अंदेशा है कि उनके साथ ही भी ऐसी घटना घटित हो सकती है।

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किस्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

Pure & Tasty AK's Special
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना | मुरमुरा | बोल्ड चना | केला चिप्स | बोल्ड पीनट | मसाला चना | ड्राय मेल | चना जौर गर्म
मो. 9827681910
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

# पूर्व जेलर पुरुषोत्तम सबलोक का निधन

## अंतिम संस्कार जबलपुर में किया गया

जबलपुर यशभारत। सागर के प्रतिष्ठित सबलोक परिवार के सदस्य और रिटायर्ड जेलर पुरुषोत्तम सबलोक का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार आज जबलपुर के गुप्तेश्वर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। दिवंगत पुरुषोत्तम सबलोक के 3 पुत्र दिलीप मुंबई गौरव शहडोल में विभिन्न कंपनियों में कार्यरत हैं व एक पुत्र राहुल तथा पुत्री - दामाद वर्षा पंकज वाधवा जबलपुर में निवासरत हैं। वे अपने सात भाईयों व 2 बहिनो में 6 वें क्रम के थे। उनके 2 बड़े भाई पूर्व एसपी स्व एआर सबलोक स्व त्रिलोकपाल सबलोक तथा 2 छोटे भाई सत्यपाल व राजकुमार का पहले ही निधन हो चुका है। एक अन्य बड़े भाई समाजसेवी बिहारी लाल व छोटे भाई शिवकुमार सबलोक सागर के प्रतिष्ठित होटल व्यवसाई हैं। उनके एक भतीजे डॉ संदीप सबलोक मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता हैं। रिटायर्ड जेलर पुरुषोत्तम सबलोक की अंतिम यात्रा उनके जबलपुर निवास से गुरुदेव कॉलोनी से दोपहर 12 बजे रवाना होकर गुप्तेश्वर स्थित मुक्तिधाम पहुंची जहां अंतिम संस्कार किया गया।

916 हॉलमार्क आभूषण के मेकिंग चार्जेस पर पाएं 25% DISCOUNT
डायमंड जड़ित आभूषणों की खरीदी पर पाएं Up to 20% DISCOUNT
Buy Best Wedding Jewellery At Honest Price
समदड़िया आभूषण
गोल्ड | डायमंड | प्लैटिनम | सिल्वर | प्रमाणित राशि रत्न
जबलपुर : समदड़िया मॉल : 0761-4069803, सराफा : 0761-2653573
कटनी : समदड़िया सिटी, कैम्प माधव नगर 07622-245008
रीवा : समदड़िया सेंटर प्वाईंट (नया बस स्टैण्ड) : 07662-409333

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त, तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
सीमित स्थान | नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर | प्रवेश प्रारंभ
B.Sc. NURSING 4 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing 2 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM 3 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार
SC/ST/OBC छात्रों को सरकारी नियमानुसार 100% तक छात्रवृत्ति
प्रतिभा सम्मान योजना
कक्षा 12 वीं में, 75% से अधिक अंक प्राप्त छात्रों को फीस में भारी छूट
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
मो.: 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)